दैनिक स्पोर्ट्स एज
डिजीटल एडिशन
खेल समाचार पत्र

» वर्ष-04 » अंक-89 | भोपाल, शुक्रवार 12 जुलाई, 2024 | » पृष्ठ-8 | » मूल्य-2 रूपये

**आज का सुविचार**

आयुष कुमार सिंह के शानदार शतक से आर सी क्रिकेट अकैडमी की नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार जीत।




## बीसीसीआई ने की कार्यक्रम की घोषणा

# श्रीलंका के खिलाफ टी 20 सीरीज 26 से

**नई दिल्ली। भारतीय टीम फिलहाल पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे के दौरे पर है। इसके बाद टीम इंडिया को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 और इतने ही मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है।मुख्य कोच बनने के बाद गौतम गंभीर का यह पहला दौरा होगा। हाल ही में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने उनके मुख्य कोच बनाए जाने का एलान किया था। दरअसल, टी20 विश्व कप 2024 के बाद बतौर मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो गया था। अब टीम इंडिया नए कोच के निर्देशन में खेलती नजर आएगी।**







भारतीय टीम इस दौरे के लिए 20 तारीख के बाद रवाना हो सकती है। हालांकि, बीसीसीआई की तरफ से अब तक इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। तीन मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत 26 जुलाई से होगी। दूसरा 27 और तीसरा मुकाबला 29 जुलाई को खेला जाएगा। वहीं, वनडे सीरीज का आगाज एक अगस्त से होगा, जिसका दूसरा और तीसरा मुकाबला क्रमशः चार और सात अगस्त को खेला जाएगा। टी20 विश्व कप 2024 में भारत की जीत के बाद रोहित शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। इसके अलावा विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने भी इस प्रारूप से संन्यास ले लिया। अब सवाल यह उठता है कि हिटमैन की जगह श्रीलंका के दौरे पर किसे टीम की कप्तानी सौंपी जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हार्दिक पांड्या और केएल राहुल इस सीरीज के लिए कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे हैं। हालांकि, बीसीसीआई की तरफ से इसको लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए आराम दिया जा सकता है। इस स्थिति में हार्दिक पांड्या और केएल राहुल में से किसी एक खिलाड़ी को इस दौरे पर कप्तानी सौंपी जा सकती है। माना जा रहा है कि भारतीय दिग्गजों ने बीसीसीआई से छुट्टी की मांग की है।

## वाटकिंस के अंतिम समय में किए निर्णायक गोल से जीता इंग्लैंड, नीदरलैंड को हराकर फाइनल में पहुंचा




**डॉर्टमुंड ।** सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर खेलने उतरे ओली वाटकिंस ने स्टॉपेज टाइम में निर्णायक गोल दागकर इंग्लैंड को लगातार दूसरी बार यूएफा यूरोपियन चैंपियनशिप (यूरो कप) फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कराया। डॉर्टमुंड में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड ने रोमांचक मुकाबले में नीदरलैंड को 2-1 से हराया। मैच के अंतिम समय में वाटकिंस ने कोले पालमेर द्वारा मिले पास पर कॉर्नर से शानदार गोल दागा और टीम को निर्णायक बढ़त दिलाने में सफल रहे। इंग्लैंड का सामना अब खिताबी मुकाबले में स्पेन से होगा जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल मैच में फ्रांस को 2-1 से मात दी थी।

इंग्लैंड की इस मुकाबले में शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और जावी सिमंस ने सातवें मिनट में ही गोल कर नीदरलैंड को शुरुआती बढ़त दिला दी थी। हालांकि, इंग्लैंड ने भी वापसी करने में ज्यादा देर नहीं लगाई और हैरी केन ने 18वें मिनट में मिली पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पहला हॉफ बराबरी पर छूटा, जबकि दूसरे हॉफ में दोनों टीमों ने बढ़त लेने की पुरजोर कोशिश की। मुकाबला अतिरिक्त समय में जाता दिख रहा था, लेकिन तभी सब्स्टीट्यूट खिलाड़े के तौर पर उतरे वाटकिंस ने पालमेर द्वारा मिले पास पर स्टॉपेज टाइम के पहले ही मिनट में गोल करने का मौका नहीं गंवाया।

गारेथ साउथगेट की टीम इंग्लैंड का अभियान इस यूरो कप में भी शानदार रहा है और वे लगातार दूसरी बार इस टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में प्रवेश करने में सफल रहे हैं। इंग्लैंड की कोशिश 1966 के बाद अपना पहला बड़ा खिताब जीतने की है। इसके लिए उसे फाइनल में स्पेन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा जिसने अब तक शानदार खेल दिखाया है। नीदरलैंड 1988 में जर्मनी में आयोजित पिछले यूरो में अपनी जीत दोहराने की उम्मीद कर रहा था, लेकिन उनकी वर्तमान टीम में मार्को वैन बास्टेन या रूड गुलिट जैसी स्टार खिलाड़ी की कमी दिखी। अगर नीदरलैंड की टीम सेमीफाइनल में जीत दर्ज करने में सफल रहती तो यह 2010 विश्व कप के फाइनल की तरह मुकाबला होता।

## टेस्ट पदार्पण पर चमके एटकिंसन, इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज पर ली रनों की बढ़त, रूट-ब्रूक क्रीज पर




**लंदन।** तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने अपने टेस्ट पदार्पण पर चमक बिखेरी और पहले टेस्ट मैच के शुरुआती दिन वेस्टइंडीज की पहली पारी 121 रन पर ढेर कर दी। एटकिंसन ने 45 रन देकर सात विकेट झटके और वेस्टइंडीज की पारी को पूरी तरह लड़खड़ा दिया। स्टंप्स तक इंग्लैंड ने पहली पारी में तीन विकेट पर 189 रन बना लिए हैं और उसने अबतक 68 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। दिन का खेल खत्म होने तक हैरी ब्रूक 25 रन और जो रूट 15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। वेस्टइंडीज की पारी ढेर करने के बाद इंग्लैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही थी और सलामी बल्लेबाज बेन डकेट जेडन सील्स की गेंद पर विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा को कैच थमाकर पवेलियन लौट गए थे। डकेट ने तीन रन बनाए। इसके बाद क्रावले और पोप ने मिलकर इंग्लैंड की पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 94 रनों की साझेदारी की। इस पार्टनरशिप को जेसन होल्डर ने पोप को आउट कर तोड़ा जिन्होंने 74 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 57 रनों की पारी खेली। इसके कुछ देर बाद सील्स ने अपना दूसरा शिकार करते हुए क्रावले को बोल्ड किया जो 89 गेंदों पर 14 चौकों के सहारे 76 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया जिसे एटकिंसन की अगुआई में गेंदबाजों ने सही साबित करने में ज्यादा देर नहीं लगाई। इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ज्यादा देर नहीं टिक सके। वहीं, एटकिंसन ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए अपने पदार्पण को यादगार बनाया। एटकिंसन इंग्लैंड के लिए टेस्ट में डेब्यू पर तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी बने। एटकिंसन के अलावा जेम्स एंडरसन, क्रिस वोक्स और बेन स्टोक्स ने भी एक-एक विकेट चटकाया। वेस्टइंडीज की ओर से पदार्पण कर रहे सलामी बल्लेबाज मिखाइल लुई ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। एलिक एथानाजे (23) और केवेम हॉज (24) भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे।

# दिल्ली खेल समाचार

## आयुष कुमार सिंह के शानदार शतक से आर सी क्रिकेट अकैडमी की नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार जीत



**स्पोर्ट्स एज।**

मेन ऑफ द मैच आयुष के शानदार शतक 110 रन 15/4 2/6, अबीर सक्सेना 31 रन ओर 3/22, श्रेष्ठ अग्रवाल 55 रन के शानदार खेल की बदौलत आर सी क्रिकेट अकैडमी 285/9, 40 ओवर ने सेलिब्रेशन क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे पहले नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में स्ट्राइकर क्रिकेट अकैडमी 222/10 37 ओवर को 63 रनो से हराकर शानदार जीत दर्ज की। स्ट्राइकर क्रिकेट अकैडमी टीम की ओर से सावेज खान 78 रन, मोहम्मद अमन खान 5/53, अक्षित सैनी 2/22 का खेल शानदार रहा। मेन ऑफ द मैच का अवार्ड आयुष सिंह को कुलदीप कुमार जी ने दिया।

## इटली के मुसेत्ती पहली बार सेमीफाइनल में, सात बार के चैम्पियन जोकोविच से होगा सामना





**लंदन।** इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर विम्बलडन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और कैरियर में पहली बार वह किसी ग्रैंडस्लैम में अंतिम चार में पहुंचे हैं। उन्होंने साढे तीन घंटे तक चला यह मुकाबला 3 . 6, 7 . 6, 6 . 2, 3 . 6, 6 . 1 से जीता। वह पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे पहुंचे हैं लेकिन अब उनके सामने नोवाक जोकोविच के रूप में कैरियर की सबसे बड़ी चुनौती है। सात बार के चैम्पियन जोकोविच 13वीं बार विम्बलडन और 49वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनलमें पहुंचे हैं और उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की है। महिला वर्ग में 2022 की चैम्पियन एलेना रिबाकिना ने एलिना स्वितोलिना को 6 . 3, 6 . 2 से हराया। वहीं 31वीं रैंकिंग वाली बारबरा क्रेइसिकोवा ने 13वीं रैंकिंग वाली येलेना ओस्टापेंको को 6 . 4, 7 . 6 से मात दी।

## प्रभात की घातक गेंदबाजी से मंथन क्रिकेट अकैडमी की भगवान परशुराम क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार जीत

**स्पोर्ट्स एज।**

मेन ऑफ द मैच प्रभात की घातक गेंदबाजी 4 विकेट 7 रन देकर, पीयूष खण्डेलवाल 2/21, हरजस 49 रन, गुरनूर सिंह 42 रन, सारांश 28 रन के शानदार खेल की बदौलत मंथन क्रिकेट अकैडमी 207/6 30 ओवर ने रयान इंटरनैशनल स्कूल में खेले जा रहे 9 वे भगवान परशुराम अंडर-11 क्रिकेट टूर्नामेंट में एमसीसीसी एकडमी 134/10, 29 ओवर को 72 रनो से हराकर शानदार जीत दर्ज की। एमसीसीसी एकडमी टीम की ओर से आर्यन गोयल 26 रन, देवा तिवारी 2/21 का खेल शानदार रहा। आज का मेन ऑफ द मैच का अवार्ड प्रभात को अंपायर इसविंदर सिंह ने दिया।

## पहले बड़े भाई यूसुफ पर किया गुस्सा, अब जताया प्यार, सामने आया पठान भाईयों की नोंकझोंक का वीडियो



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड में जारी विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स लीग धीरे-धीरे अपने चरम की ओर बढ़ रही है। बुधवार को दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस से हार के बाद भी इंडिया चैंपियंस सेमीफाइनल में पहुंच गई। इस मैच में भारत के दो दिग्गज इरफान पठान और यूसुफ पठान आपस में भिड़ गए। इस नोकझोंक के बाद दोनों को एक-दूसरे को गले लगाते और माथे पर किस करते देखा गया। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दरअसल, यह घटना 19वें ओवर की पहली गेंद पर हुई जब इरफान पठान ने डेल स्टेन की गेंद पर ऊंचा शॉट खेला। गेंद सुरक्षित रूप से दो फील्डरों के बीच गिरी, इरफान और यूसुफ ने कुछ रन चुराने की कोशिश की। इरफान दूसरे रन के लिए अड़े हुए थे, यूसुफ ने शुरू में सहमति जताई लेकिन कुछ कदम आगे बढ़ने के बाद उन्होंने रुकने का फैसला किया। हालांकि, इरफान क्रीज के बाहर ही रह गए जिसका फायदा स्टेन ने उठाया और उन्हें रन आउट कर दिया। यूसुफ की इस बात से इरफान बहुत नाराज हुए।

मैच खत्म होने के बाद इरफान पठान को उनकी गलती का एहसास हुआ और उन्होंने यूसुफ पठान से माफी मांगी। अब एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें दोनों भाईयों को एक-दूसरे के गले लगते देखा जा रहा है। वहीं, इरफान अपने बड़े भाई यूसुफ के माथे पर किस करते दिख रहे हैं। उनके इस कारनामे ने फैंस का दिल जीत लिया।

# पहले सेमीफाइनल में जैस्मिन पाओलिनी की जीत

## डोना वेकिच को हराकर फाइनल में बनाई जगह



**नई दिल्ली।** जैस्मीन पाओलिनी ने विंबलडन सेमीफाइनल मुकाबला जीतकर फाइनल में जगह बना ली। रोमांचक मुकाबले के बाद, सातवीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी ने सेमीफाइनल में डोना वेकिच को 2-6, 6-4, 7-6 से हराकर महिला एकल फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पाओलिनी अब विंबलडन फाइनल में जगह बनाने वाली पहली इट्ली की खिलाड़ी हैं और सेरेना विलियम्स के बाद एक ही सीजन में फ्रेंच ओपन और विंबलडन फाइनल दोनों में जगह बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी भी हैं।

पहले सेट के पहले चार गेम में दोनों खिलाड़ी बराबरी पर थीं। वेकिच ने टूर्नामेंट के सबसे बेहतरीन शॉट्स में से एक शॉट खेला, जब उन्होंने पाओलिनी के फोरहैंड की खेल में वापसी कराई और फिर अपनी वॉली से उन्हें गलती करने पर मजबूर किया। इसके बाद वेकिच ने एक बेहतरीन ड्रॉप शॉट मारा, जिसे पाओलिनी ने पकड़ने के लिए संघर्ष किया और क्रोएशियाई खिलाड़ी ब्रेक पॉइंट हासिल करने में सफल रही। इसके बाद वेकिच ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और पाओलिनी को आसानी से पीछे छोड़ दिया। अगले तीन गेम जीत लिए और सेट 6-2 से जीत लिया और इट्ली की खिलाड़ी को ड्रॉइंग बोर्ड पर भेज दिया।

दूसरे सेट में पाओलिनी ने जोरदार वापसी की और पहला गेम जीत लिया। वेकिच अपने खेल में गलतियां होने लगीं और इससे पाओलिनी को धीरे-धीरे आगे निकलने का मौका मिला और वह वेकिच की सर्विस तोड़ने में सफल रहीं। इससे उनकी वापसी हुई और खेल को 6-4 से जीत के साथ महत्वपूर्ण तीसरे सेट में ले गईं।

तीसरे सेट में वेकिच ने पाओलिनी की सर्विस जल्दी ही तोड़कर 2-0 की बढ़त बना ली और ऐसा लग रहा था कि क्रोएशियाई खिलाड़ी खेल में अपना दबदबा बनाए रखेगी। हालांकि, पाओलिनी ने एक बार फिर से वापसी की और 3-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया।

हालांकि, वेकिच ने विरोधी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर फिर से बढ़त बना ली। लेकिन इट्ली की खिलाड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 4-4 कर दियापाओलिनी ने अपने अगले सेट में तेजी से बढ़त बनाए रखी और गेम को जीत के लिए तैयार किया। हालांकि, वेकिच ने वापसी की और मैच प्वाइंट बचाकर स्कोर 5-5 कर दिया। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने खेल पर अपनी पकड़ बनाए रखी, लेकिन पाओलिनी ने उसे डीप एंड में धकेल दिया और सेंटर कोर्ट के किनारे पर ड्यूस बना दिया।

खेल चौथे ड्यूस तक पहुंच गया, लेकिन वेकिच ने बढ़त हासिल कर ली और खेल के शानदार दौर के साथ अपना दूसरा ब्रेक प्वाइंट हासिल कर लिया। लेकिन पाओलिनी ने इसे वापस बराबरी पर ला दिया और बढ़त लेने में सफल रहीं। अगले गेम में क्रोएशियाई खिलाड़ी ने वापसी की। दरअसल, वह दो मैच पॉइंट बचाने में सफल रही क्योंकि उनके पास बढ़त थी। वेकिच ने गेम गंवा दिया लेकिन दर्शकों के उत्साह से वह आगे बढ़ती रही और गेम को टाई-ब्रेकर में ले गई।

टाई-ब्रेकर की शुरुआत वेकिच के लिए अच्छी रही क्योंकि उन्होंने 3-1 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन पाओलिनी ने एक बार फिर वापसी की। इसके बाद दोनों महिलाओं के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ और उन्होंने स्ट्राइक के लिए स्ट्राइक का मुकाबला किया, लेकिन पाओलिनी ने अपना तीसरा मैच पॉइंट हासिल कर लिया और वेकिच द्वारा गेंद को वाइड भेजे जाने के कारण मैच को अपने नाम कर लिया।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

» मध्य प्रदेश से ओलम्पिक मे मात्र दो खिलाड़ी जबकि पैरालंपिक में तीन खिलाड़ी लेंगे हिस्सा » पेरिस ओलम्पिक 2024: भारत 112 सदस्यीय दल के साथ उतरेगा







**स्पोर्ट्स एज भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से पेरिस ओलम्पिक एवं पेरिस पैरा ओलम्पिक - 2024 में भाग लेने जा रहे भारतीय खिलाड़ियों के दल ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भेंट की। इसमें तीन खिलाड़ी मध्यप्रदेश के शामिल थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी खिलाड़ियों को विजयी होने की बधाई और शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी खिलाड़ियों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और कैप प्रदान कर सम्मान किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और ग्रुप फोटो भी खिंचवाया। इस अवसर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग और वरिष्ठ खेल अधिकारी भी उपस्थित थे। आपको बता दे मध्यप्रदेश से पेरिस ओलम्पिक में प्रदेश के मात्र 2 खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, शूटिंग और विवेक सागर प्रसाद पुरुष हॉकी में प्रतिभागिता करेंगे जबकि पैरा ओलम्पिक में प्रदेश के 3 खिलाड़ी प्राची यादव, क्याकिंग-केनोईंग, पूजा ओझा, क्याकिंग- केनाईंग और कपिल परमार ब्लाईन्ड जूडो में प्रतिभागिता करेंगे। सभी खिलाड़ियों ने भोपाल स्थित खेल और युवा कल्याण विभाग की अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि पेरिस ओलम्पिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक एवं पेरिस पैरा ओलम्पिक 28 अगस्त से 8 सितम्बर तक खेले जाएंगे।

## क्रिकेट अकादमी ऑफ़ पठान्स (CAP) का टैलेंट हंट ट्रायल रविवार को होगा आयोजित

**स्पोर्ट्स एज भोपाल**



क्रिकेट अकादमी ऑफ़ पठान्स के डायरेक्टर श्री ज़ैद अली के द्वारा भोपाल के खिलाड़ियों के लिए फ्री क्रिकेट कोचिंग की सौगात दी जा रही है। यह चयन ट्रायल 14 जुलाई को कोलार रोड डी मार्ट के पीछे स्थित कोचिंग सेंटर पर आयोजित किये जाएंगे। ट्रायल मुख्य चयनकर्ता श्री ब्रजेश तोमर जी के द्वारा लिए जाएंगे। चयन ट्रायल में चयनित होने वाले टॉप 3 खिलाड़ियों को 1 वर्ष के लिए 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जायेगी वहीं इसके बाद अगले टॉप 10 खिलाड़ियों को 50 प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जायेगी। ट्रायल में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 13 जुलाई शाम 6 बजे तक है। समस्त इच्छुक खिलाड़ी सेंटर पहुँच कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं या रजिस्ट्रेशन हेतु खिलाडी सेंटर पर फ़ोन (8839107877) के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## उरूग्वे को हराकर कोलंबिया कोपा अमेरिका के फाइनल में, मुकाबला मेस्सी की अर्जेंटीना से



**चार्लोट।** कोलंबिया ने उरूग्वे पर 1 . 0 से तनावपूर्ण जीत के बाद23 साल में पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया हालांकि आखिरी सीटी बजने के बाद खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच में झड़प हो गई। कोलंबिया के लिये 39वें मिनट में जैफरसन लेरमा ने गोल किया। अब कोलंबिया का सामना रविवार को गत चैम्पियन लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना से होगा। वहीं उरूग्वे की टीम तीसरे स्थान के मुकाबले में कनाडा से खेलेगी। कोलंबिया इससे पहले 2001 में अपनी मेजबानी में कोपा अमेरिका खिताब जीता था। इस मैच में एक लाल कार्ड के अलावा सात पीले कार्ड दिखाये गए। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच काफी धक्का मुक्की देखी गई। मैच के बाद दर्शकों के बीच हुए झगड़े में डारविन नुनेज और उरूग्वे के दर्जनों खिलाड़ी कूद पड़े। एक वीडियो में दिखाया गया कि नुनेज ने कोलंबिया की जर्सी पहने एक प्रशंसक को पीटा।

## साइना नेहवाल ने कही दिल की बात, बोलीं-

# टेनिस में बैडमिंटन से बेहतर कर सकती थी..

**नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने करियर को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि बैडमिंटन खेलने की बजाए अगर वह टेनिस खेलतीं तो ज्यादा अच्छा प्रदर्शन कर सकती थीं। साइना ने अपने कौशल के दम पर दुनिया में शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी। ऐसा करने वाली वह भारत की पहली महिला शटल बनीं थीं। वहीं, ओलंपिक पदक जीतने वाली देश की पहली महिला एथलीट भी बनीं थीं।**




राष्ट्रपति भवन में हर स्टोरीङ्गमाई स्टोरी बातचीत के दौरान साइना ने कहा, कभी-कभी मुझे लगता है कि अगर मेरे माता पिता ने मुझे टेनिस में डाला होता तो अच्छा होता। इसमें ज्यादा पैसा है और मुझे लगता है कि मैं ज्यादा ताकतवर थी। मैं टेनिस में बैडमिंटन से बेहतर कर सकती थी।

साइना ने बताया कि उन्होंने कई युवाओं को बैडमिंटन खेलने के लिए प्रेरित किया, लेकिन जब उन्होंने आठ साल की उम्र में खेलना शुरू किया था तो उनके लिए कोई आदर्श नहीं था। उन्होंने कहा, जब मैंने शुरूआत की थी तो मेरे लिए कोई आदर्श नहीं था। यह कहने के लिए कोई नहीं था, मैं दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनना चाहती हूं या ओलंपिक पदक विजेता बनना चाहती हूं। मुझसे पहले मैंने किसी को बैडमिंटन में ऐसा करते नहीं देखा था।

लंदन ओलंपिक के कांस्य के अलावा साइना ने विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य और रजत पदक जीते तथा राष्ट्रमंडल खेलों में भी कई स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने कहा, मैं हमेशा बच्चों को खेलों पर ध्यान लगाने के लिए कहती हूं। चीन 60-70 पदक जीतता है और हमें सिर्फ तीन चार पदक मिलते हैं। इतने सारे डॉक्टर और इंजीनियर होते हैं और उनके नाम अखबारों में नहीं आते।

# टोक्यो की निराशा भुलाकर पेरिस में प्रभावित करने उतरेंगे निशानेबाज

**नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाज पेरिस ओलंपिक के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जबकि राष्ट्रीय निशानेबाजी संघ (एनआरएआई) ने भी इसके लिए कमर कस ली है। टोक्यो ओलंपिक में निशानेबाजों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इसके अलावा टोक्यो ओलंपिक से पहले निशानेबाजी दल में निजी प्रशिक्षकों को लेकर काफी विवाद हुए थे, जिसका प्रभाव टीम के प्रदर्शन पर पड़ा था।**




इससे सीख लेते हुए ओलंपिक के दौरान विवादों से दूर रहने के लिए एनआरएआई ने निशानेबाजों के साथ उनके निजी प्रशिक्षकों को पेरिस भेजने की मंजूरी दे दी है। तीन इवेंट में हिस्सा ले रहीं मनु भाकर, अनीश, विजयवीर सिद्ध, रिदम सांगवान, राजेश्वरी कुमारी ने पेरिस में निजी प्रशिक्षकों का साथ मांगा है। एनआरएआई, साई ने निजी प्रशिक्षकों को मंजूरी दे दी है। पांचों प्रशिक्षक निशानेबाज के खेल गांव में नहीं ठहरेंगे। उन्हें नजदीक के होटल में ठहराया जाएगा। मनु भाकर ने ओलंपिक के लिए दिग्गज जसपाल राणा, अनीश ने 2010 राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हरप्रीत सिंह, विजयवीर सिद्ध ने इन्हीं खेलों के स्वर्ण पदक विजेता गुरप्रीत सिंह, रिदम सांगवान ने विनीत कुमार और राजेश्वरी कुमारी ने दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चेक गणराज्य के डेविड कोस्टेलेकी को अपने साथ ओलंपिक में ले जाने की मांग की थी। सभी ने टॉप्स के जरिये अपने निजी प्रशिक्षकों को ले जाने का प्रस्ताव दिया था, जिसे मिशन ओलंपिक सेल ने मंजूर कर लिया। ओलंपिक में पहली बार रिकॉर्ड 21 भारतीय निशानेबाज हिस्सा लेने जा रहे हैं। ये निशानेबाज पेरिस में 27 पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे। भारत से अधिक सिर्फ चीन के 22 निशानेबाज होंगे। ओलंपिक में उतरने जा रही युवा निशानेबाजी टीम है। मनु, ऐश्वर्य, एलावेनिल, अंजुम को ओलंपिक का अनुभव है। इन निशानेबाजों से देश को इस बार पदक लाने की भी उम्मीद रहेगी। भारत ने अब तक निशानेबाजी में ओलंपिक में सिर्फ चार पदक जीते हैं और पेरिस में उसकी कोशिश अपने रिकॉर्ड में सुधार लाने की होगी। राजवर्धन सिंह राठौड़ ने भारत को इस स्पर्धा का पहला पदक दिलाया था। राठौड़ ने 2004 एथेंस ओलंपिक में पुरुष डबल ट्रैप स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। इसके बाद अभिनव बिंद्रा ने इतिहास रचते हुए 2008 बीजिंग ओलंपिक में पुरुष 10 मीटर राइफल इवेंट में स्वर्ण पदक जीता था। 2012 लंदन ओलंपिक में विजय कुमार ने पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में रजत और गगन नारंग ने 2012 में ही 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में कांस्य पदक अपने नाम किया था।

### पूर्व फिजियो कमलेश ने की रोहित-द्रविड़ की तारीफ

## बताया दोनों ने कैसे टीम में बनाए रखी एकता




**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व फिजियो कमलेश जैन ने पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ की। उन्होंने टीम को संभालने की दोनों की क्षमता की प्रशंसा की। जैन ने रोहित और द्रविड़ के नेतृत्व कौशल का जिक्र किया और बताया कि कैसे उन्होंने सुनिश्चित किया कि टीम में हर कोई, साथ ही साथ बैकरूम स्टाफ के बीच एकता बनी रहे। बता दें कि, टी20 विश्व कप 2024 में जीत के साथ ही द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो गया था। वहीं, हिटमैन ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

जैन ने अपनी पोस्ट में कहा, मैं दो सबसे निस्वार्थ व्यक्तियों के बीच खड़ा हूं, जिनके साथ काम करने की उम्मीद की जा सकती है। मैं यह लिखना चाहता हूं कि उनकी क्रिकेट उपलब्धियां- रन, कैच, विकेट, स्टंपिंग, नेतृत्व क्षमता और कौशल सेट- प्रभावशाली हैं, लेकिन जो चीज उन्हें वास्तव में अलग बनाती है, वह है सभी की राय के लिए उनका सम्मान और प्रत्येक व्यक्ति को मूल्यवान महसूस कराने की उनकी क्षमता।

पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को भारतीय क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

## बहुत कुछ कह सकता हूं, लेकिन..., पीसीबी से बर्खास्त किए जाने के बाद वहाब रियाज ने तोड़ी चुप्पी




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वहाब रियाज को पीसीबी चयन समिति से बर्खास्त किया गया है। टी 20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तान टीम के लचर प्रदर्शन के बाद पीसीबी ने ये फैसला लिया। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तान की टीम ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी। ये वहीं, ग्रुप था, जिसमें अमेरिका और कनाडा जैसी डेब्यू टीम शामिल थी।

भारत और अमेरिका के खिलाफ मिली हार के साथ ही पाकिस्तान का टूर्नामेंट में सफर खत्म हो गया था। इसके बाद पीसीबी चेयरमैन ने कई इंटरव्यू में रिपोर्ट्स को कहा कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान के क्रिकेट स्ट्रक्चर को बदला जाए और इसकी शुरुआत 10 जुलाई 2024 से हो गई।

## पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने बाबर आज़म को लिया आड़े हाथ, कहा काफी मौके मिल चुके है उन्हें







**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला शाहिद अफरीदी ने टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद आलोचना झेल रहे कप्तान बाबर आजम को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें काफी मौके दिये जा चुके हैं और अब पीसीबी को उनकी कप्तानी को लेकर फैसला लेना चाहिये। पूर्व चैम्पियन पाकिस्तान को टी20 विश्व कप में अमेरिका और भारत ने हराकर ग्रुप चरण से ही बाहर कर दिया।

वर्ल्ड लीजैंड्स चैम्पियनशिप में भाग लेने बर्मिंघम गए अफरीदी ने वहां मीडिया से कहा ,'' बाबर को पाकिस्तान की कप्तानी के पूरे मौके दिये गए। उसे बतौर कप्तान अपनी उपयोगिता साबित करने का काफी समय मिला। अब पीसीबी जो भी आत्ममंथन करना चाहे, उसे फैसला लेना होगा।'' उन्होंने कहा ,'' मैं भी पाकिस्तान का कप्तान रह चुका हूं और यूनिस खान तथा मिसबाह उल हक भी। लेकिन जब भी टीम ने विश्व कप में खराब प्रदर्शन किया है , पहली छुरी कप्तान पर चली है।''

### टी20 वर्ल्ड कप 2024 में टीम ने किया था खराब प्रदर्शन

# भारत के श्रीलंका दौरे से पहले वनिंदु हसरंगा ने छोड़ी कप्तानी

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से पहले श्रीलंका क्रिकेट टीम के कप्तान वानिंदु हसरंगा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला लिया है। इसकी जानकारी श्रीलंका क्रिकेट ने ट्वीट कर दी। वहीं, हसरंगा ने अपने फैसले की जानकारी देते हुए बोर्ड को बताया कि यह श्रीलंका क्रिकेट के सर्वोत्तम हित में है कि उन्होंने कप्तानी की जिम्मेदारी छोड़ने और खिलाड़ी के रूप में टीम में बने रहने का फैसला किया। हसरंगा ने कहा, एक खिलाड़ी के रूप में श्रीलंका हमेशा मेरी सर्वश्रेष्ठ कोशिशों की सराहना करेगा, और मैं हमेशा की तरह अपनी टीम और नेतृत्व का समर्थन और समर्थन करूंगा। वहीं, श्रीलंका क्रिकेट ने उनके फैसले के समर्थन किया। बोर्ड ने कहा, श्रीलंका क्रिकेट उनके त्यागपत्र को स्वीकार करते हुए यह बताना चाहता है कि हसरंगा हमारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट योजनाओं में हमारे लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बने रहेंगे। वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में खेले गए टी20 विश्व कप




2024 में श्रीलंका की टीम वानिंदु हसरंगा की अगुवाई में कुछ खास कमाल नहीं कर पाई थी। टीम 2014 की चैंपियन टीम सुपर आठ दौर में जगह बनाने में असफल रही थी। टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के कप्तान के रूप में हसरंगा का कार्यकाल छोटा रहा।

उन्होंने जुलाई 2022 में यह पद संभाला था। हालांकि, हाल ही में समाप्त हुए टी20 विश्व कप में उनकी टीम प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही जिसके बाद दिग्गज ने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। भारतीय टीम फिलहाल पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे के दौरे पर है। इसके बाद टीम इंडिया को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 और इतने ही मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है।मुख्य कोच बनने के बाद गौतम गंभीर का यह पहला दौरा होगा। तीन मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत 26 जुलाई से होगी। दूसरा 27 और तीसरा मुकाबला 29 जुलाई को खेला जाएगा। वहीं, वनडे सीरीज का आगाज एक अगस्त से होगा, जिसका दूसरा और तीसरा मुकाबला क्रमश- चार और सात अगस्त को खेला जाएगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक योगेन्द्र व्यास द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, जोन-1 से मुद्रित, एच 71, शाहंशाह गार्डन भोपाल से प्रकाशित RNI No.: MPHIN/2022/82878
( समस्त दीवानी विवादों, न्यायिक/दाण्डिक परिवादों का क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय रहेगा। ) मो. नं. 9303044337/9669353300